सत्ता और विपक्ष के राजनीतिक षड्यंत्र से रहें दूर छात्र युवा: मायावती

बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बसपा की चार बार रही सरकारों में छात्रों और नौजवानों को किसी भी मामले में निराश नहीं होने दिया गया

लखनऊ, एजेंसी।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को देश के छात्रों, युवाओं और जेन-जी से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सत्ता और विपक्ष की ओर से चलाए जा रहे राजनीतिक षड्यंत्रों से सावधान रहें और किसी भी दल को अपने मुद्दों का नाजायज राजनीतिक लाभ न उठाने दे। सुश्री मायावती ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से संसद में सत्ता और विपक्ष, खासकर भाजपा और कांग्रेस के लोग किसी न किसी मुद्दे की आड़ में जनहित के ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। यह केंद्र और राज्यों की सरकारों की कमियों से जनता का ध्यान हटाने की अंदरूनी मिलीभगत है या इसके पीछे सत्ता हथियाने की साजिश है।

यह सब देश की जनता को सीधे तौर पर नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि देश के छात्र और नौजवान यानी जेन-जी भी अपनी अनेक समस्याओं को लेकर दुखी और चिंतित हैं। बसपा उनकी समस्याओं को लेकर हमेशा उनके साथ खड़ी रही है।

उन्होंने कहा कि छात्रों और नौजवानों का आंदोलन देश के समस्त छात्र-नौजवान पीढ़ी और उनके परिवारों की गंभीर समस्याओं से जुड़ा है और बसपा उनके निदान को लेकर लगातार गंभीर एवं अपने तरीके से संघर्षरत है। सुश्री मायावती ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों, नौजवानों और जेन-जी के आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इस आंदोलन को हाईजैक कर लिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अब इस आंदोलन की आड़ में संसद भी नहीं चल पा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाद झारखंड की राजधानी रांची में भी छात्र और नौजवान अपनी समस्याओं को लेकर

आंदोलन कर रहे हैं। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि वहां भी कांग्रेस और उसके समर्थक दल खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं, जबकि भाजपा और उसके सहयोगी दल आंदोलन के समर्थन में आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे ऐसा लगता है कि इन दलों ने भी आंदोलन को हाईजैक कर लिया है। दिल्ली के जंतर-मंतर और रांची के आंदोलनों की आड़ में राजनीतिक दलों को समस्याओं का समाधान करने से ज्यादा राजनीति करने का मौका मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि युवाओं की समस्याओं के समाधान के बजाय चुनावी स्वार्थ की संकीर्ण राजनीति हावी हो रही है। उन्होंने देश के छात्रों और नौजवानों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सत्ता और विपक्ष के इस समय चल रहे षड्यंत्र से बिल्कुल दूर रहें।

उन्होंने कहा कि युवा अपनी समस्याओं से निपटने के लिए राजनीतिक दलों का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करें, लेकिन किसी भी दल को अपने स्वार्थ की संकीर्ण राजनीति कर उनका नाजायज फायदा न उठाने दें।

मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बसपा की चार बार रही सरकारों में छात्रों और नौजवानों को किसी भी मामले में निराश नहीं होने दिया गया। उनकी छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ उनके रोजगार पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि बसपा सरकारों में सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए गए। पूर्ववर्ती सरकारों में सरकारी भर्तियों पर लंबे समय से लगी रोक हटाकर लाखों लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराए गए। इसके साथ ही पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों में नए सरकारी पद सृजित कर बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार दिया गया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी छात्रों और युवाओं की समस्याओं को लेकर आगे भी गंभीरता से काम करती रहेगी और युवाओं से अपेक्षा है कि वे अपने मुद्दों को राजनीतिक दलों के संकीर्ण स्वार्थ का माध्यम नहीं बनने देंगे।

एक नजर

मेघालय सरकार पूरे राज्य में एचआईवी जागरूकता अभियान को तेज करेगी

शिलांग,एजेंसी। मेघालय 'इंटेंसिफाइड आईईसी कैंपेन 3.0' शुरू करके एचआईवी और यौन संचारित संक्रमणों (एसटीआई) के खिलाफ अपनी लड़ाई को मजबूत करने जा रहा है। इस कैंपेन में युवाओं, शुरुआती जांच, इलाज और बीमारी से जुड़े सामाजिक कलंक को कम करने पर ध्यान दिया जाएगा। राज्यभर में दो महीने तक चलने वाला यह अभियान बृधवार को लेडी वीन कॉलेज में 'अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस' के कार्यक्रमों के साथ शुरू होगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री वाइलाडमिकी श्यल्ला इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। यह अभियान राज्य में एचआईवी के लगातार बढ़ते बोझ और उन सामाजिक बाधाओं को देखते हुए शुरू किया जा रहा है जो अक्सर लोगों को जांच करवाने या इलाज लेने से रोकती हैं। मेघालय एड्स कंट्रोल सोसाइटी के नवंबर 2025 के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 10,000 से ज्यादा लोगों (जिनमें लगभग 500 बच्चे भी शामिल हैं) में एचआईवी/एआईडीएस की पहचान हुई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईस्ट जयंतिया हिल्स चिंता का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। राष्ट्रीय एचआईवी अनुमानों से यह भी पता चला है कि मेघालय में वयस्कों में एचआईवी का प्रसार राष्ट्रीय औसत से काफी ज्यादा है।

सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए सीजेपी अभियान चलाएगी

नई दिल्ली,एजेंसी। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने सरकारी स्कूलों की स्थिति को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि देश 15 अगस्त 2026 को आज़ादी के 80 वर्ष पूरे करने जा रहा है, लेकिन गांवों के सरकारी स्कूल आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए सीजेपी देशभर में अभियान चलाएगी। दीपके ने कहा कि पिछले 80 वर्षों में देश में बड़े-बड़े विकास कार्य हुए हैं। नया संसद भवन बना है और कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम हुआ है, लेकिन गांवों में मजदूरों और किसानों के बच्चों के लिए सरकारी स्कूलों को वह प्राथमिकता नहीं मिली।

राहुल गांधी को सदन का सामना करना चाहिए: खंडेलवाल

भोपाल, एजेंसी।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार-वार्ता में कहा कि राहुल गांधी को यदि वास्तव में देश के मुद्दों पर चर्चा और सवालों के जवाब चाहिए तो उन्हें संसद चलने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हर सवाल का जवाब देने को तैयार हैं, लेकिन राहुल गांधी सदन की कार्यवाही नहीं चलने दे रहे हैं।

खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी दिल्ली में छात्रों पर गोली चलाने का झूठा आरोप लगाकर राजनीति कर रहे हैं, जबकि सरकार स्पष्ट कर चुकी है कि दिल्ली में छात्रों पर किसी प्रकार का

गोलीकांड नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी हर दिन अपना मुद्दा बदल रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि सदन में चर्चा होने पर उनके दावों की सच्चाई सामने आ जाएगी।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी छात्रों के हितों का ढोंग कर रहे हैं। जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन को लेकर आरोप लगाने वाले राहुल गांधी झारखंड में छात्रों पर कथित लाठीचार्ज और कार्रवाई के मामले में चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस की सहयोगी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार है और वहां छात्रों के प्रदर्शन के दौरान कंटीले तार, लाठीचार्ज, आंसू गैस तथा वाटर कैनन के इस्तेमाल की बात सामने आई है। यदि राहुल गांधी वास्तव में छात्रों के हितों को लेकर गंभीर हैं तो उन्हें झारखंड के छात्रों के साथ भी खड़ा होना चाहिए।

खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छात्रों के भविष्य को संवारने और उनके हितों के लिए लगातार काम कर रही है। पेपर लीक जैसे मामलों के खिलाफ केंद्र सरकार ने कड़े कानून बनाए हैं, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस छात्रों के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिनों से देश देख रहा है कि राहुल गांधी लगातार नए आरोप लगाकर संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की गई, फिर नीट के मुद्दे पर चर्चा की मांग की गई।

शरणार्थियों के संगठन ने ज्ञापन सौंपा

जम्मू,एजेंसी। पीओके के शरणार्थियों के संगठन 'एसओएस इंटरनेशनल' ने 1947 से पीओके की हिंदू और सिख आबादी के साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय का जिक्र करते हुए, समिति से ठोस सुधारात्मक उपायों की मांग को लेकर केंद्र सरकार की जनसांख्यिकीय बदलाव समिति को ज्ञापन सौंपा है। 'एसओएस इंटरनेशनल' के अध्यक्ष राजीव चुनी के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधिमंडल में प्रो. एनएन शर्मा (उपाध्यक्ष), विनोद कुमार दत्ता (महासचिव), भाई राम सिंह (सचिव) और वेद राज बाली (सचिव) शामिल थे। ज्ञापन में कहा गया है कि 1947 के हमले के बाद जम्मू-कश्मीर की तत्कालीन सरकार ने शुरू में लगभग 31,600 परिवारों का पंजीकरण किया था।

'वंदे मातरम मुसलमानों पर न थोपें, सजा मंजूर, मजहब से गद्दारी नहीं: एजाज

नई दिल्ली,एजेंसी। लाल किले पर वंदे मातरम गाए जाने के मुद्दे पर जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सदस्य मौलाना एजाज कश्मीरी ने कहा कि जिसे पढ़ना है, पढ़े, लेकिन मुसलमानों पर इसे थोपा न जाए। वंदे मातरम की कुछ लाइनें उनके मजहब की बुनियाद से टकराती हैं, इसलिए वे इसे नहीं पढ़ सकते। हमें सजा मंजूर है, लेकिन हम वंदे मातरम नहीं पढ़ेंगे। उन्होंने कहा, यह मुल्क ऐसा है, जहां हर मजहब के लोग रहते हैं। कोई कुछ काम कर सकता है, कोई कुछ नहीं कर सकता है। जिनको वंदे मातरम पढ़ना दुरुस्त है, हमें उनसे कोई ऐतराज नहीं है। लाल किले पर पढ़ें, संसद में पढ़ें, लेकिन वंदे मातरम को लेकर, खासतौर पर मुसलमानों के साथ जबरदस्ती नहीं की जाए।

सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने किया सेना की पश्चिमी कमान का दौरा

जम्मू (रक्षा संवाददाता) मेट्रो मीडिया।

सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने आज सेना की पश्चिमी कमान का दौरा किया और इस दौरान उन्होंने राइजिंग स्टार कोर के कमांडरों से मुलाकात कर परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्हें बदलते सुरक्षा परिवेश और प्रौद्योगिकी आत्मसात करने की पहल की बाबत जानकारी दी गई।

सेना प्रमुख ने कोर की परिचालन तत्परता तथा राष्ट्र निर्माण के प्रयासों की सराहना करते हुए निरंतर सतर्कता, युद्ध तत्परता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। यह जानकारी जम्मू स्थित रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील भर्थवाल ने एक्स पर दी।

हरियाणा सरकार अक्टूबर से सुधार उत्सव शुरू करेगी

चंडीगढ़,एजेंसी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार 'सुधार उत्सव' की तैयारी कर रही है। यह नागरिकों की भागीदारी वाली एक बड़ी पहल है, जिसका मकसद गवर्नेंस में सुधार लाने में लोगों को सीधी और सार्थक भूमिका निभाने का मौका देना है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को तैयारियों की समीक्षा की और एक स्पष्ट, व्यवस्थित और समय-सीमा वाली व्यवस्था की जरूरत पर जोर दिया। इसका मकसद यह पक्का करना है कि नागरिकों से मिले सही सुझावों को सिर्फ रिकॉर्ड न किया जाए, बल्कि उन्हें ऐसे सुधारों में बदला जाए जिन पर असल हो सके।

मणिपुर में कुकी-जो समुदाय के साथ भेदभाव का आरोप

इंफाल, एजेंसी।

कुकी-जो परिषद (केजेडसी) ने मणिपुर में कुकी-जो समुदाय के खिलाफ कथित हिंसा, उत्पीड़न, भेदभाव और न्याय से वंचित किए जाने की घटनाओं की कड़ी निंदा की है। परिषद का आरोप है कि हाल की घटनाओं से यह संकेत मिलता है कि केंद्र और राज्य सरकारें नागा समुदाय के मुद्दों पर विशेष ध्यान दे रही हैं, जबकि कुकी-जो समुदाय की शिकायतों और पीड़ा को नजरअंदाज किया जा रहा है।

केजेडसी ने कहा कि लेइलोन वैफेई क्षेत्र के 21 ग्रामीणों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लेमाखोंग आर्मी कैंप में पेश होने के लिए तलब किया है। वहीं, कांगपोकपी जिले के केलेजांग गांव पर कथित तौर पर एनएससीएन-आईएम के उग्रवादियों ने हमला किया, जिसमें कई घरों को आग के हवाले कर दिया गया।

परिषद ने यह भी दावा किया कि लेमाखोंग एरिया प्रोटेक्शन कमेटी (एलएपीसी) के एक नागरिक समाज नेता, जिनका किसी आपराधिक मामले से कोई संबंध नहीं है, अभी भी चुराचांदपुर जेल में बंद हैं।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना
(ई-टेंडरिंग द्वारा)

कार्य का नाम तथा स्थान	(1.) DSJ रेलवे स्टेशन के PF नंबर 4 और 5 पर IPS कोच गाइडेंस डिस्प्ले कोई डिस्प्ले बोर्ड और अन्य संबंधित टेलीकॉम उपकरण लगाना। (2.) DSA रेलवे स्टेशन के PF नंबर 1 पर कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड और अन्य संबंधित टेलीकॉम उपकरण लगाना। (3.) BDXT, ISM, MGLP, SJM, SMDP, SWDE और TIK पर PA सिस्टम लगाना। (4) दिल्ली डिवीज़न के बाकी HQ-1 और NSG-6 स्टेशनों पर GPS घड़ियाँ लगाना।
कार्य की अनुमानित लागत (₹)	₹ 1,32,87,728.31/- मात्र
धरोहर राशि (₹)	₹2,65,800/- मात्र
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्लॉक, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055
निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने की दिनांक तथा समय	निविदा प्रपत्र जमा करने की समय दिनांक 02.09.2026 15:00 बजे तक
वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का ध्यान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।	उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या दोनों नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्लॉक, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

निविदा संख्या: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-1045 दिनांक : 11.08.2026 2779/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर चर्चा से भाग रही सरकार: अखिलेश

लखनऊ, एजेंसी।

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए धन ही धर्म है। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में हुई चढ़ावा चोरी के मामले पर सरकार जवाब देने से बच रही है और सदन में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहती। पार्टी की तरफ से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षा, परीक्षा और श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। विपक्ष दोनों मुद्दों पर चर्चा चाहता है, लेकिन सरकार चर्चा से भाग रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को दिल्ली में छात्रों के साथ हुई बर्बरता पर भी जवाब देना चाहिए।

यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के 'संगी-साथी' और भूमिगत व

अपंजीकृत लोगों के तार शिक्षा-परीक्षा तथा राम मंदिर में हुई चढ़ावा चोरी से जुड़े हैं।

दोनों मामले एक ही जगह से संचालित होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष इन मुद्दों पर सदन में चर्चा चाहता है, लेकिन सरकार इससे बच रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा अब भगवान श्रीराम का नाम लेने से भी बच रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अयोध्या में रामधन की लूट और चढ़ावे की चोरी का मामला सामने आया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पैसे बोरियों में भरकर बाहर ले जाए गए और कंडों में भी पैसे निकले। उनका दावा है कि चढ़ावा चोरी के मामले में बड़े लोग शामिल हैं और सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग को धोखा दिया है। आरक्षण की लूट हो गई है, नौजवानों को नौकरी और रोजगार नहीं मिल रहा है तथा किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है।

दिल्ली में छात्रों के साथ हुई कार्रवाई का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि वहां नौजवानों और छात्रों के साथ बर्बरता की गई।

छात्रों पर पैलेट गन और लाठी का इस्तेमाल किया गया तथा आंसू गैस के गोले छोड़े गए। इसके बाद भी सरकार छात्रों को तरह-तरह से प्रताड़ित कर रही है। अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि दिल्ली आए छात्रों का सरकार के स्तर से डेटा एकत्र किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि भविष्य में इस डेटा का क्या इस्तेमाल किया जाएगा, यह चिंता का विषय है।

Nidhi Services Limited

Regd. Off : 5/19-B, Roop Nagar, Delhi – 110007
Tel.: 011-43215145, Mobile: 09811021216
CIN : L65999DL1984PLC018077
E-mail: nidhiserviceslitd@gmail.com

UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2026

Pursuant to Regulation 33 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, based on the recommendations of the Audit Committee, the Board of Directors of Nidhi Services Limited ('the Company') at its meeting held on 10th August, 2026 has approved the Unaudited Financial Results for the quarter ended on 30th June, 2026 along with Limited review report issued by the Statutory Auditors of the Company.

The aforementioned financial results along with the Limited review report of the Statutory Auditors thereon are available on www.nidhiserviceslitd.com and the said financial results can also be accessed by scanning a Quick Response (QR) code given below:

For Nidhi Services Limited
Sd/-
Udit Agarwal
Whole Time Director
DIN: 00239114

Place: Delhi
Date: 10th August, 2026

सुरक्षा | फिर भी आतंकी बने हुए हैं एक बड़ी चुनौती, सरहद से लेकर भीतर तक पैनी नजर

समूचे जम्मू कश्मीर में 15 अगस्त की तैयारियां जोरों पर, सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम

सतीश वर्मा

श्रीनगर/जम्मू (रक्षा संवाददाता) मेट्रो मीडिया। इसी सप्ताह देश का राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त है और इसे लेकर समूचे जम्मू कश्मीर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। मालूम हो कि उस दिन जम्मू तथा श्रीनगर में मुख्य समारोह के अलावा जिला स्तर पर राज्य भर में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

श्रीनगर के आईजी पुलिस वीके बीरजी ने यहां अवाम को भरोसा दिलाया है कि वह बेफिक्र होकर स्वतंत्रता दिवस के जश्न को मनाएं, इसके लिए बहुस्तरीय

सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। इस मौके पर किसी भी प्रकार का

कोई भी खलल पैदा ना हो। मालूम हो कि श्रीनगर में मुख्य समारोह बख्शी स्टेडियम में मनाया जाता है। जबकि जम्मू में हमेशा की तरह स्थानीय एमए स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। 15 अगस्त की दृष्टिगत जम्मू हो या श्रीनगर दोनों जगह सुरक्षा को लेकर कई कड़े एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं भारत पाक सीमा पर बीएसएफ तथा नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना के जवान हाई अलर्ट पर हैं। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान अथवा उसके कब्जे वाले जम्मू कश्मीर की दिशा से आतंकी समूहों की घुसपैठ की बड़ी कोशिशें हो सकती है।

इस बीच श्रीनगर के लाल चौक से लेकर बख्शी स्टेडियम तक चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम तथा पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों ने चेकिंग तथा तलाशी अभियान चला रखा है। यह भी एक कड़वा सच है कि पिछले दिनों जारी सालाना अमरनाथ यात्रा के दौरान राज्य पुलिस के एक हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन कुरेशी की बीती 22 जुलाई को अनंतनाग में अज्ञात आतंकियों द्वारा हत्या की गई। फिर कुलगाम के केलाम में स्थानीय ईंट भट्टे पर काम करने वाले छत्तीसगढ़ मूल के दो प्रवासी मजदूरों की टारगेट किलिंग कर दी गई। यह दोनों इलाके दक्षिण कश्मीर के हैं जो कि लंबे अरसे तक आतंकवाद का गढ़ रह चुके हैं। इन दोनों आतंकी घटनाओं ने उन तमाम दावों को उधेड़ कर रख दिया जिसमें यह कहा जाता रहा कि सालाना अमरनाथ यात्रा की दौरान इस बार विगत वर्षों की अपेक्षाकृत बेहद कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इस बाबत नेशनल कांफ्रेंस के प्रधान एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इन दोनों आतंकी घटनाओं में हुई हत्याओं ने आतंकवाद के अंत के दावों को झूठा साबित कर दिया है, वगैरा-वगैरा।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

रेलगाड़ी संख्या 04123/04124 प्रयागराज जं.–हज़रत निज़ामुद्दीन–प्रयागराज जं. के बीच (द्वि–साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन

रेलयात्रियों की सुविधा हेतु यह सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी संख्या 04123/04124 प्रयागराज जं.-हज़रत निज़ामुद्दीन-प्रयागराज जं. के बीच (द्वि-साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी संख्या	से	तक	चलने के दिन	पूर्व अधिसूचित तिथि	विस्तारित तिथि	फेरे
04123	प्रयागराज जं.	हज़रत निज़ामुद्दीन	रवि व बुध	29.07.2026	30.08.2026	08
04124	हज़रत निज़ामुद्दीन	प्रयागराज जं.	सोम व वीर	30.07.2026	31.08.2026	08

स्थान: प्रथम वाता., वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य। • अन्य सभी निर्देश यथावत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

27722026

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ